दिनांक : 28.02.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की यूरोपीय संघ की अध्यक्ष के साथ चर्चा–कहा संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए है प्रतिबद्ध।
- पीथमपुर के रामकि प्लांट में यूनियन काबाईड के कचरे को जलाये जाने की प्रकिया कड़ी सुरक्षा के बीच हुई शुरू।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर जिले में किसान महासम्मेलन में लिया हिस्सा।
- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रदेश में कई कार्यकमों का हुआ आयोजन।

समाचार विस्तार से:–

## यूरोपीय संघ अध्यक्ष - भारत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। वार्ता के दौरान, दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और नवाचार, स्वच्छ तथा हरित ऊर्जा, संपर्क और संबंधों को प्रगाढ करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। भारत और यूरोपीय संघ ने वर्ष 2025 और इसके बाद के लिए एक महत्वाकांक्षी एजेंडा तय किया। वार्ता के बाद एक संयुक्त बयान में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच दो दशक पुरानी रणनीतिक साझेदारी मूलभूत और स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि इसके मूल में लोकतांत्रिक मूल्यों में साझा विश्वास और प्रगति तथा समृद्धि के लिए साझा प्रतिबद्धता शामिल है।

## यूनियन कार्बाइड कचरा

पीथमपुर के रामकि प्लांट में आज दोपहर 3:00 बजे से यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे को जलाए जाने की प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा और विशेषज्ञों की देखरेख के बीच शुरू हो गई है। संभाग और जिले के सभी बड़े अधिकारी और विशेषज्ञ के दल प्लांट पर मौजूद है।

संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने बताया कि पॉल्यूशन बोर्ड कचरा जलाने की पूरी मॉनिटरिंग कर रहा है और सारे रिपोर्ट्स जो है नॉर्मल है। उन्होंने कहा कि यह फर्स्ट ट्रायल है जो 3 दिन में पूरा हो जाएगा। उसके बाद हम सेकंड ट्रायल करेंगे।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आईजी अनुराग ने कहा है कि पुलिस सोशल मीडिया को भी मॉनिटर कर रही हैं।

**उत्तराखण्ड - बर्फीला तूफान**

उत्तराखंड में चमोली जिले के माणा गांव के पास आज 57 श्रमिक भीषण बर्फीले तूफान की चपेट में आ गए। इनमें से 16 को सुरक्षित बचा लिया गया है। जबकि अन्य श्रमिकों की तलाश और बचाव के लिए भारत-तिब्बत सीमा बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल, सेना और वायु सेना राहत कार्यों में लगी हुई हैं। भारी बर्फबारी और खराब मौसम के कारण राहत कार्य में बाधा आ रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

**वेव्स 2025**

इंदौर में आज क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीज़न 1 के अंतर्गत एक्सआर क्रिएटर हैकथॉन इंदौर मीट का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में वेव समिट 2025, ऑगमेंटेड रियलिटी(AR), वर्चुअल रियलिटी(VR) और मिक्स्ड रियलिटी(MR) से संबंधित सत्रों का आयोजन किया गया। एक्रोपोलिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च, मांगलिया, मे हुए इस कार्यक्रम में पत्र सूचना कार्यालय , भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे और सहायक निदेशक अजय उपाध्याय का स्वागत किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

**मुख्यमंत्री सागर**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गढ़ाकोटा, जिला सागर में आयोजित किसान महासम्मेलन, रहस मेला एवं पशु मेला कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने रहली विधानसभा में कॉलेज भवन बनाने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के उन्नयन करने और सागर- दमोह टू लेन निर्माण सहित जनता की हित में क्षेत्र में विकास के सभी कार्य करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेला' आपसी प्रेम, सद्भावना और आनंद का उत्सव होता है और प्रदेश सरकार सभी त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मना रही है। डॉ. यादव ने कहा कि किसान अगर फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करते हैं, तो सरकार बड़े प्रोजेक्ट पर अनुदान भी देगी।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को 9% से बढ़ाकर 20% तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस**

आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विज्ञान भवन, भोपाल में आयोजित "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन स्टेम एजुकेशन" का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों और मॉडल्स का अवलोकन कर उनकी रचनात्मकता व वैज्ञानिक सोच की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार के लिए साईंस सिटी पर काम हो रहा है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर आज प्रदेश में 250 से अधिक स्थानों पर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन में वैज्ञानिक, शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं विज्ञान-प्रौद्योगिकी तथा नवाचार से संबंधित लोग शामिल हुए।

**ईपीएफओ- दर**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन-ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड ने वर्ष 2024-25 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि जमा पर आठ दशमलव दो पांच प्रतिशत की ब्याज दर को अपरिवर्तित रखा है और उसी दर पर ब्याज देने की सिफारिश की है। सात करोड़ से अधिक ग्राहकों के ईपीएफ खातों का प्रबंधन करने वाले ईपीएफओ ने वर्ष 2022-23 में ईपीएफ ब्याज दर को आठ दशमलव एक पांच प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2023-24 में आठ दशमलव दो पांच प्रतिशत कर दिया था।

**मौसम**

प्रदेश में रात को ठंड का अहसास और दिन में तेज गर्मी जारी है। आने वाले दिनों में दिन-रात का तापमान बढ़ेगा। वहीं मार्च के पहले सप्ताह में बादल छाने और हल्की बारिश होने के भी आसार हैं। मौसम विभाग का कहना है कि 2 मार्च से पश्चिम-उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। जिसका असर प्रदेश में भी देखने को मिल सकता है। खासकर 4 मार्च से इंदौर, ग्वालियर, चंबल हिस्से में कहीं-कहीं मौसम बदला हुआ रह सकता है। इन दिनों कई शहरों में तापमान 2 से 4 डिग्री तक बढ़ गया। पचमढ़ी में कल सबसे कम 12 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस और मंडला में 12 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बड़वानी के तालून में सर्वाधिक 37 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में -**

- सूचना प्रसारण मंत्रालय में राज्यमंत्री डॉ. एल मुरूगन आज भोपाल प्रवास पर है। डॉ. मुरूगन का आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करने का कार्यक्रम है।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल बालाघाट में किसान सम्मलेन व दिव्यांगजन सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में 78 विकास कार्यो का लोकार्पण व 61.93 करोड़ रुपये के नए कार्यो का भूमिपूजन किया जाएगा।
- अशोकनगर में एक ही छत के नीचे युवाओ को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उदेश्य से हर माह युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। आज जिला मुख्यालय पर युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।
- खण्डवा में सरकार द्वारा 30 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों में बी.पी. शुगर की जल्दी पहचान कर उपचार के लिये निरोगी काया अभियान 20 फरवरी से 31 मार्च तक चलाया जा रहा है।
- शिवपुरी जिले में अवैध मदिरा की बिक्री रोकथाम को लेकर आबकारी विभाग की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में 11 स्थानों पर छापामार कार्यवाहियों में 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।
- प्रदेश में 8 मार्च को होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए तैयारियां जारी है। इसमें कई विभागों के प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा।
- चैम्पियपन ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता में आज लाहौर में आस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच मैच जारी है। आस्ट्रेलिया 274 रनों की चुनौती मिली।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की यूरोपीय संघ की अध्यक्ष के साथ चर्चा–कहा संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए है प्रतिबद्ध।
- पीथमपुर के रामकि प्लांट में यूनियन काबाईड के कचरे को जलाये जाने की प्रकिया कड़ी सुरक्षा के बीच हुई शुरू।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सागर जिले में किसान महासम्मेलन में लिया हिस्सा।
- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर प्रदेश में कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन।